भारत सरकार
Government of India
केन्द्रीय जल आयोग
Central Water Commission
बाढ़ पूर्वानुमान प्रबोधन निदेशालय
Flood Forecast Monitoring Directorate

Tele : 011-29583829, 29583545
e-mail : fmdte@nic.in, ffmcwc@gmail.com

भू तल, विंग 7 , पश्चिमी खण्ड–2,
रामाकृष्ण पुरम, नई दिल्ली–110066

विषय : दिनांक 28/07/2024 की समाचार की कतरन ( News Clippings ) प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में ।

मानसून/ बाढ़ सम्बन्धी समाचारों की कतरन ( News Clippings ) अवलोकन हेतु प्रस्तुत हैं :

सलंग्न : उपरोक्तानुसार

Mahima 30/07/2024
~~(सहायक निदेशक)~~ EAD (HM)

उपनिदेशक 30/7/2024

निदेशक (बा.पू.प्र.)

हिन्दुस्तान = 28/07/2024

# बारिश और भूस्खलन से टिहरी के बिजली घर में मलबा भरा, पुल बहे

मौसम की मार

देहरादून, विशेष संवाददाता। उत्तराखंड में बारिश का कहर जारी है। नदियों के बढ़ते जलस्तर और भूस्खलन की घटनाओं ने जगह-जगह तबाही मचा रखी है। टिहरी के थत्यूड़ में 33 केवी के बिजलीघर में मलबा भर गया है। इससे करीब सौ गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है।

टिहरी के भिलंगना ब्लॉक में कई स्थानों पर पुलों के बहने की वजह से आवाजाही ठप हो गई है। टिहरी जिला प्रशासन ने तीन दिन स्कूलों को बंद रखने के आदेश दिए हैं। जोशीमठ के पास चीन सीमा को जोड़ने वाली रोड पर तमक नाला मलबा आने की वजह क्षतिग्रस्त हो गया है। चमोली जिले की पिंडरघाटी में गढ़वाल-कुमाऊं के एक बड़े हिस्से को जोड़ने वाला कर्णप्रयाग-ग्वालदम राष्ट्रीय राजमार्ग मलबा आने से 16 घंटे तक बाधित रहा।



केदारनाथ हाईवे पर सोनप्रयाग में शनिवार को अचानक चट्टान टूटने की घटना से हड़कंप मच गया। चारों ओर धूल का गुबार छा गया। • हिन्दुस्तान

## जौनसार में सड़क बंद होने से नवजात की जान गई

देहरादून। साहिया क्षेत्र में बदहाल स्वास्थ्य सेवाएं और भारी बारिश से बंद सड़क के कारण शनिवार को एक नवजात की जान चली गई। कालसी के अमित की पत्नी आशा देवी के नवजात की तबीयत बिगड़ गई। शनिवार सुबह भारी बारिश से सड़क बंद हो गई। इससे वह बीच में ही फंस गए।

## ओडिशा में 18 गांव राज्य के शेष हिस्सों से कटे

ओडिशा में भूस्खलन के कारण राज्य के मलकानगिरी के 18 गांवों का संपर्क प्रदेश के अन्य हिस्सों से कट गया है।

## कुमाऊं के पर्वतीय जिलों में दरक रहे पहाड़

हल्द्वानी। मानसूनी बारिश कुमाऊं के पर्वतीय क्षेत्रों में अब भी कहर बरपा रही है। पिथौरागढ़ जिले के रांथी गांव में पहाड़ी से बोल्डर और मलबा आने से 12 परिवारों को शिफ्ट कराया है।

The Hindu = 28/07/2024



# Heavy rain continues in north Karnataka; one killed

With rainfall continuing in north Karnataka, reservoirs in the region have registered an increase in inflow, and swollen rivers have entered residential areas in a few places. The Renuka Sagar reservoir across the Malaprabhain Belagavi district has reached 2,072 ft. against the full reservoir level of 2,079.5 ft. on Saturday. Already, the swollen Krishna and Ghataprabha have submerged a few bridges and severed road connectivity between towns in Belagavi district. The overflowing Ghataprabha entered residential areas and flooded over 300 houses and 150 shops in Gokak town on Saturday. Water is being released from Kadra, Kodasalli, Bommanahalli, and Gerusoppa reservoirs in Uttara Kannada district. In Dharwad district, one person was killed and two others injured in a wall collapse in Venkatapur village on Friday night.

हिन्दुस्तान = 28/07/2024

राजेंद्र नगर स्थित कोचिंग सेंटर की लाइब्रेरी में शाम को हुआ हादसा

# दर्दनाक: एकेडमी में पानी भरा, दो छात्राओं की मौत


**नई दिल्ली प्रमुख संवाददाता।** ओल्ड राजेंद्र नगर में राव आईएएस अकादमी के बेसमेंट में स्थित लाइब्रेरी में शनिवार शाम भारी बारिश के दौरान पानी भर गया। इसकी वजह से दो छात्राओं की मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक एनडीआरएफ बेसमेंट में बचाव अभियान चला रही थी।

पुलिस के अनुसार, ओल्ड राजेंद्र नगर के बड़ा बाजार मार्ग स्थित एक इमारत के बेसमेंट में सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग कराने वाले संस्थान की लाइब्रेरी है। शनिवार शाम करीब सात बजे बेसमेंट में बारिश का पानी तेजी से पानी भरने लगा, इससे छात्रों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते दस फीट की गहराई वाला बेसमेंट पूरी तरह से पानी से भर गया।

सूचना पर पुलिस, दमकल विभाग और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। दो घंटे की मशक्कत के बाद जब बेसमेंट से पानी निकाला गया तो दो छात्राओं के शव बरामद हुए। देर रात तक दोनों शवों की पहचान नहीं हो पाई थी।

**हादसे के समय 30 से 35 छात्र मौजूद थे :** डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि देर शाम भारी होने के कारण जलभराव हो गया था। लाइब्रेरी के साथ आसपास की इमारतों में भी पानी भर गया था। हादसे के समय 30 से 35 छात्र बेसमेंट में मौजूद थे। पानी से बचने के लिए छात्र कुर्सियों पर खड़े हो गए। मगर पानी के दबाव से बेसमेंट में लगे कांच टूटने लगे। इस दौरान कुछ छात्रों को रस्सियों के सहारे निकाला गया। पुलिस बेसमेंट में पानी भरने की वजह की जांच कर रही है।

पानी बना काल P02




ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित आईएएस कोचिंग एकेडमी में हादसे के बाद शनिवार देर रात बचाव कार्य में जुटी एनडीआरएफ की टीम और दमकलकर्मी। • संचित खन्ना

**07** बजे शनिवार शाम अचानक बेसमेंट में पानी भरने लगा

**02** घंटे की मशक्कत के बाद पानी निकाला गया

## दिल्ली में ये क्या हो रहा है

देश की राजधानी में व्यवस्था का इतना गैर जिम्मेदार चेहरा बहुत कुछ सोचने और करने को कहता है। शनिवार को राव आईएएस एकेडमी के बेसमेंट में पानी भरने से दो छात्राओं की असामयिक मृत्यु हो गई। इस हफ्ते में यह ऐसी दूसरी दर्दनाक घटना है। 22 जुलाई को पटेल नगर में सड़क पर गड्ढे में भरे पानी में उतरे करंट की चपेट में आकर एक छात्र जान गंवा चुका है। वह भी यूपीएससी की तैयारी कर रहा था। 13 मई को यमुना विहार में महिला की करंट से जान चली गई थी। जवाबदेही की जगह जिम्मेदार लोग एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहते हैं।

" कोचिंग संस्थान में हुई दो छात्राओं की मौत दुखद है। घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

–आतिशी, शिक्षा मंत्री, दिल्ली सरकार

हिन्दुस्तान = 28/07/2024

# तेज बारिश में गड्ढों-जाम ने मुसीबत बढ़ाई


मौसम का मिजाज

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। राजधानी में शनिवार को बारिश कई स्थानों पर जलभराव की समस्या देखने को मिली। इस दौरान लोगों को गड्ढों और जाम से जूझना पड़ा। कई स्थानों पर वाहनों का रास्ता डाइवर्ट करना पड़ा।

राजधानी में शाम 5:00 बजे के बाद कई जगहों पर जमकर बारिश हुई। नई दिल्ली इलाके के अलावा राजघाट, पुरानी दिल्ली, चांदनी चौक, रोहिणी, भजनपुरा, कालकाजी, संगम विहार सहित दक्षिण दिल्ली के विभिन्न इलाकों में बारिश हुई। बारिश के कारण लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। छत्ता रेल चौक पर भी बारिश की वजह से जलभराव हो गया। यहां पर लोथियन रोड और छत्ता रेल लालबत्ती से वाहनों को दूसरे मार्गों के रास्ते निकाला गया। कुतुब मीनार मेट्रो स्टेशन के समीप अनुव्रत मार्ग पर सड़क के दोनों तरफ पानी भर गया। आजाद मार्केट स्थित रेलवे अंडर ब्रिज में आवाजाही बंद रही।

## कश्मीरी गेट, लाल किला पर ढाई घंटे फंसे लोग

दिल्ली में शनिवार को तेज बारिश के बाद जलभराव और पेड़ गिरने से हालात काफी गंभीर गए। कश्मीरी गेट से लाल किला और जामा मस्जिद वाली सड़क पर लोग जाम की वजह से ढाई घंटे तक फंसे रहे। निगम की रिपोर्ट के अनुसार, 40 से अधिक जगहों पर जलभराव की स्थिति बनी। 20 से अधिक जगहों पर पेड़ भी गिरे।



अशोक रोड पर ली मेरिडियन होटल के पास धंसी सड़क के कारण शनिवार को भी वाहन चालकों को काफी दिक्कत हुई। यह सड़क कई दिन पहले धंसी थी, लेकिन अब तक इसकी मरम्मत नहीं की गई है। शनिवार को आई तेज बारिश में यहां वाहन चालकों की मुसीबत बढ़ गई। • हिन्दुस्तान